NBT PAGE 4

# पीजी में प्रवेश परीक्षा से दाखिले

■ एनबीटी, लखनऊः राजधानी के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन अंतिम चरण में हैं। कुछ विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जहां सभी सीटें भर गई हैं तो कुछ में कोरोना संकट की वजह से नहीं भर पाई हैं। इसकी वजह से कॉलेजों ने 31 अगस्त तक आवेदन का मौका दिया है। वहीं, एलयू में रेकॉर्ड तोड़ आवेदन आए हैं। ऐसे में प्रवेश परीक्षा करवाने का फैसला लिया गया है। शहर के कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया पर एक रिपोर्टः



**लखनऊ विश्वविद्यालय :** विश्वविद्यालय में इस वर्ष यूजी-पीजी कोर्सों में रेकॉर्ड तोड़ आवेदन हुए हैं। हालांकि, एलयू ने यूजी कोर्सों में मेरिट से दाखिले लेने की रणनीति बनाई है। वहीं पीजी में प्रवेश परीक्षा करवाने की तैयारी है। एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मुताबिक, पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा करवाने की तैयारी की जा रही है। बता दें कि पीजी कोर्सों में करीब पांच हजार सीटों पर 17,703 स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है। इसके अलावा एलयू के पीजी डिप्लोमा कोर्सों में स्टूडेंट्स 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। हालांकि इन डिप्लोमा कोर्सों में आवेदन की तारीख को बढ़ाने पर एलयू ने फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया है।

i-NEXT PAGE 4

## एंट्रेंस एग्जाम की प्रक्रिया शुरू

**LUCKNOW:** लखनऊ यूनिवर्सिटी में यूजी कोर्स में मेरिट से एडमिशन होंगे, वहीं पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेस में एंट्रेंस एग्जाम से एडमिशन लिए जाएंगे. पीजी में एंट्रेंस एग्जाम कराने की तैयारियां शुरू कर दी हैं. एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि पीजी के लिए एंट्रेंस एग्जाम कराने की योजना है. पीजी की करीब पांच हजार सीटों पर 17703 स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है. पीजी कोर्स में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम का शेड्यूल सितंबर के फर्स्ट वीक में जारी होगा.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 2

## शिकायत समिति की अध्यक्ष बनीं प्रो. शीला

लखनऊ। लविवि के सांख्यिकी विभाग की प्रो. शीला मिश्रा को विवि की आंतरिक शिकायत समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इनकी ताजपोशी फिलहाल कैलाश हॉस्टल के विवाद को लंबा समय बीत जाने के बाद हुयी है। इसके लिए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देश पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से आदेश जारी हो गया है।